हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

## राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी के सफल आयोजन पर सम्मान समारोह

# युवाओं में जगेगी राष्ट्र निर्माण की भावना : कलेक्टर दिव्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम दुधली में आयोजित 'प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी' के ऐतिहासिक और सफल समापन के बाद भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा एक विशेष आभार एवं सम्मान समारोह का आयोजन संयुकत जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया।

नेशनल जंबूरी के सफल क्रियान्वयन में विशेष रूप से सहयोग करने वाले जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन और जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि इस नेशनल स्तर के इस आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करना जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग के बिना संभव नहीं था। ग्राम दुधली में देश भर से आए रोवर–रेंजर्स के लिए की गई व्यवस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

इस दौरान अतिथियों ने जंबूरी की सफलता के स्तंभ रहे प्रशासनिक नेतृत्व को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, सीईओ जिला पंचायत सुनील चंद्रवंशी, अपर क्लेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जंबूरी के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षा विभाग, पीएचई, नगरीय निकाय, वन विभाग, जनसंपर्क विभाग आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जंबूरी का सफल आयोजन टीम वर्क का परिणाम है।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के आयोजनों से जिले के युवाओं में अनुशासन, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम का संचालन केएल गजेन्द्र ने किया।

### प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में उत्कृष्ट सेवा पर नेमसिंह सम्मानित



**बालोद।** प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में उत्कृष्ट सेवा कार्य देने पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के व्याख्याता एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट नेमसिंह साहू को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर के द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 जनवरी से 13 जनवरी तक ग्राम दूधली जिला बालोद में आयोजित हुआ। राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेन्द्र साहू, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने इन्हें प्रतीक चिन्ह, ट्रैक शूट, आदि भेंट कर उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया। जिसमें डीओसी स्काउट नेमसिंह साहू ने पिछले 03 महीने से इस महाआयोजन के जंबूरी स्थल के प्रत्येक निरीक्षण, इंजिनियर सर्वे, चौहद्दी चिन्हांकन, भूमिपूजन, निर्माण कार्य, आयोजन और समापन तक अपनी सेवा प्रदान की है। यह सम्मान प्राप्त होने पर संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू सहित समस्त शाला स्टाफ, समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।






## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज



**बालोद।** मेला में अपने परिवार के लोगों से बात करने से नाराज व्यक्ति ने पंचायत सचिव की पिटाई कर दी। इलाज कराकर आने के बाद पीड़ित सचिव ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम पंचायत धोबनपुरी में ग्राम पंचायत सचिव पद पर पदस्थ ग्राम दुपचेरा निवासी खिलानंद साहू पिता इंदल राम साहू ने पुलिस को बताया कि रात्रि 07:30 बजे मै गुरूर मंडाई में अपने साथी के साथ घुम रहा था, उस दरमयान अचानक गुरूर निवासी भारत हिरवानी पिता कोमल हिरवानी मेरे पास आकर बोला तेरी हिम्मत कैसे हुआ मेरे परिवार से बात करने की, कहते हुए भारत हिरवानी ने अपने हाथ में पहने कड़ा से मेरे सिर पर ताबाडतोड हमला कर दिया, जिससे मै लहुलुहान हो गया, मुझे प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ केन्द्र गुरूर ले गया उस दौरान ईलाज किया जिसमें सिर पर गंभीर चोंट की वजह से 2, 3 टांके भी लगे। मामला गंभीर होने पर मुझे रात्रि करीबन 10–11 बजे धमतरी जिला अस्पताल रिफर किया गया वहां ईलाज किया गया।

### धारदार चाकू से किया हमला, युवक घायल

**बालोद।** मड़ई देखने गए युवक को एक अन्य युवक ने धारदार चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक के दोस्त ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम दानीटोला निवासी केशव कुमार नेताम ने पुलिस को बताया कि मै अपने दोस्त नंद किशोर कोर्राम के साथ गुरूर मंडई देखने आये थे, धनेली चौक के पास हम दोनों हंसी मजाक करते हुए मीना बाजार तरफ जा रहे थे। उसी समय धनेली चौक पानठेला के पास शाम करीब 07 बजे बाजार चौंक गुरूर निवासी भूपेश निषाद आये और मुझे देखकर गाली गलौच कर रहे हो बोलकर, हम दोनों को गाली गलौच कर अपने पास रखे धारदार वस्तु से मेरे दोस्त नंद किशोर कोर्राम के जांघ को मार दिया, जिससे नंद किशोर कोर्राम के जांघ से खुन निकल रहा था, जिसे अपने दोस्त विकास के साथ अपने मोटर सायकल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर ले जाकर भर्ती किये है, जहॉ डॉक्टर द्वारा उच्च ईलाज हेतु रिफर करने पर जिला अस्पताल धमतरी ले जाकर भर्ती किये है, जहां ईलाज चल रहा है।

## निधन

### संपत साहू



**गुण्डरदेही।** ग्राम भाठागांव आर निवासी संपत साहू का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवा सहकारी समिति भाठागांव आर के समिति प्रबंधक तामेश्वर साहू के चाचा थे।

## ग्रीष्म से पहले अधिकतम गांवों को मिले नल जल, कलेक्टर के निर्देश

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रें में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अतंर्गत रेट्रोफिटिंग, एकल ग्राम योजना और समूह जल प्रदाय योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विकासखंडवार समीक्षा करते हुए उन क्षेत्रें की पहचान की जहां कार्य की गति धीमी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन समूह जल प्रदाय योजनाओं का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें, ताकि ग्रामीणों को उनके घर पर ही नल से जल मिलना शुरू हो सके। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री और पाइपलाइन बिछाने के कार्य में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिन गांवों में कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां नियमित रूप से जल आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है।

संबंधित अधिकारी फील्ड पर जाकर समस्याओं का समाधान करें और यह सुनिश्चित करें कि ग्रीष्म ऋतु आने से पहले अधिकतम जल प्रदाय योजनाओं का लाभ लोगों को मिलने लगे।

### जिले में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित



**बालोद।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचातय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा–4(1) के अनुसार जिले के सभी शासकीय एवं गैर शासकीय संस्थाओं, कार्यालयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, अस्पताल, वाणिज्यिक कार्यालय एवं उद्योगों आदि संस्थाओं जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही विशाखा गाईड लाईन के तहत गठित स्थानीय व आंतरिक शिकायत समिति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी कार्यालय या संस्था के द्वारा आंतरिक शिकायत समिति गठित नही किया जाता है तो अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यालय प्रमुख या संस्था प्रमुख को 50 हजार रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा।

## गुरूर में 1 फरवरी से होगा संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**गुरूर।** नगर के वार्ड क्रमांक 09–10 दुर्गा चौक गुरूर में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 01 फरवरी से 09 फरवरी तक किया गया है। जिसमें भागवताचार्य पंडित मनोज दुबे होंगे। कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक होगा।

जिसमे प्रथम दिवस 1 फरवरी को घट स्थापना, वेदीपूजन, कलश यात्रा, पुराण यात्रा, गौकरण महत्मय कथा होगा। 2 फरवरी को भागवत कथा प्रारंभ, मंगलाचरण, श्री सुकदेव प्राकट्य, परिक्षित जन्म कथा होगा। 3 फरवरी को सृष्टि वर्णन, मनुश तरूपा चरित्र, वराह अवतार कथा होगा। 4 फरवरी को धुरव चरित्र, पृथु अवतार, भरत चरित्र, अजामिल उद्वार, प्रहलाद चरित्र कथा होगा। 5 फरवरी को गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन, वामन अवतार, कृष्णा जन्मोत्सव कथा होगा। 6 फरवरी को वृद्वावन लीला, माखन चोरी, छप्पन भोग, रूखमणी मंगल विवाह कथा होगा। 7 फरवरी को अनन्य विवाह, सुदामा चरित्र कथा होगा। 8 फरवरी को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्शा, चढ़ोत्तरी होगा। 9 फरवरी को गीता प्रवचन, विष्णु यज्ञ, सहस्त्रधारा स्नान एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक में श्रवण गिरी गोस्वामी, सावित्री गोस्वामी, चिंता राम साहू, हेमलता साहू, नागेन्द्र गिरी गोस्वामी, नागे"वर गिरी गोस्वामी, इंद गिरी गोस्वामी, तामेश्वर गिरी गोस्वामी, विरेन्द्र गिरी गोस्वामी, थनेश्वरी गोस्वामी, भरतपुरी गोस्वामी तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

## भोथली में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन आज से

**अंडा।** परम ब्रह्मा परमेश्वर की असीम कृपा से बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ग्राम भोथली में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जय भारत मानस परिवार, जय भारत सरस्वती उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर कथा वाचन यामिनी देवी साहू , बागबाहरा (महामंडलेश्वर) के श्रीमुख से होगा। श्रीराम कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कृति एवं आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश मिलेगा। यह आयोजन आज दिनांक 23, 24 एवं 25 जनवरी 2026 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) को आयोजित किया जाएगा। कथा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। कार्यक्रम स्थल सरस्वती मंदिर प्रांगण, ग्राम भोथली, पोस्ट तिरगा, जिला दुर्ग रहेगा। आयोजक समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुजनों से आग्रह किया गया है कि वे अपने परिवार सहित उपस्थित होकर इस संगीतमय श्रीराम कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करें। आयोजकःजय भारत मानस परिवार जय भारत सरस्वती उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी भोथली सहित आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे।

## सीएसपीडीसीएल में रजत जयंती वर्ष पर विशेष ओपन पेंटिंग स्पर्धा आयोजित होगी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र (सीएसपीडीसीएल) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025–26 के गौरवशाली अवसर पर एक विशेष ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा के महत्व और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। प्रतिभागी अक्षय ऊर्जा स्त्रेत, ऊर्जा संरक्षण, विद्युत सुरक्षा से किसी भी एक विषय पर अपनी कलाकृति बना सकते हैं। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए खुली है, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। प्रतिभागियों को पेंटिंग बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों (कागज, रंग, ब्रश आदि) का प्रबंध स्वयं करना होगा। दुर्ग जिले के प्रतिभागी तैयार पेंटिंग को सीएसपीडीसीएल दुर्ग के रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी दीपक कुमार डूम्भरे के पास जमा करा सकते हैं। बेमेतरा जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता पूनम महिलांगे एवं बालोद जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता पी.आर.ठाकुर के पास पेंटिंग जमा कर सकेंगे। पेंटिंग जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

प्रतियोगिता के समापन के बाद विशेषज्ञ समिति द्वारा उत्कृष्ट पेंटिंग्स का चयन किया जाएगा। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिनकी सूचना विजयी प्रतिभागियों को फोन पर दी जाएगी। बिजली की बचत और सुरक्षा के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के लिए विभाग ने इस रचनात्मक पहल में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को शामिल होने की अपील की है।

## लाटाबोड़ में गर्मी की धान रोपाई तेज, डबल फसल की ओर झुकाव

**लाटाबोड़।** बालोद जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण छेत्र के इलाकों में गर्मी के मौसम में डबल फसल के लिए धान की रोपाई में तेजी आई है, क्योंकि किसान रबी सीजन में भी धान उगाना चाहते हैं, हालांकि कुछ जगहों पर फसल परिवर्तन करते है। किसान सीमित रकबे में धान और कुछ हिस्से में दलहन-तिलहन लगाना चाहते है। चर्चा में है कि डबल फसल के लिए धान की खेती में तेजी रहती है। जिससे गर्मी के सीजन में धान की रोपाई में तेजी आई है। धान की रोपाई कर रहे मजदूरों ने बताया इस वर्ष धान की रोपाई की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। एकड़ चल रहा है। लेकिन प्रशासन रबी में दलहन-तिलहन पर जोर देते है।



## राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़, शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के लगभग 15 हजार पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु बालोद जिले के आवेदकों का साक्षात्कार शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को निर्धारित हैं। उक्त मेले में शामिल होने ऑनलाईन पोर्टल ईरोजगार में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला पंजीयन दोनों अनिवार्य है। इच्छुक आवेदकों को उक्त रोजगार मेला में शामिल होने हेतु ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय का पोर्टल वर्ष 2024 से ई–रोजगार पोर्टल में परिवर्तित हो गया है। जिन आवेदकों ने 2024 के पूर्व पंजीयन कराया है ऐसे आवेदक वर्ष 2024 से प्रारंभ हुए ई–रोजगार नए पोर्टल पर अपने मोबाईल से घर बैठे आधार नंबर अपडेट कर सकतें हैं।

आधार नंबर अपडेट नहीं कराने वाले आवेदक राज्य स्तरीय रोजगार मेला, प्लेसमेंट कैंप में भाग नहीं ले सकेगें। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला रायपुर हेतु बालोद जिले के 3576 आवेदकों ने ऑनलाईन आवेदन किया है जिसमें 1267 आवेदकों ने अपनी प्रोफाईल पूर्ण नहीं की हैं। उन्होंने ऐसे आवेदकों को शीघ्र ही अपने मोबाईल से ई–रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला पंजीयन प्रक्रिया पर रिक्तियों का चयन कर अपनी प्रोफाईल पूर्ण करने को कहा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि बालोद जिले के आवेदकों को शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होना अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में अधिक जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं।

## राष्ट्रीय परेड में छग की महिला सरपंच बसंती निषाद का चयन



**अंडा।** 26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में बसंती निषाद को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए चयनित किया गया है। यह चयन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा किया गया है और इसे पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के माध्यम से सुनिश्चित किया गया है। बसंती निषाद दुर्ग जिले के ग्राम झोला (पोस्ट तिरगा, ) की निवासी हैं। ग्राम झोला भले ही राजनांदगांव से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित है, लेकिन शिवनाथ नदी के उस पार होने के कारण यह दुर्ग जिले में आता है। 33 वर्षीय बसंती निषाद ने मार्च 2025 में प्रथम बार सरपंच पद संभाला। सरपंच पदभार संभालते ही उन्होंने ग्राम पंचायत झोला के बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने, गांव में स्वच्छता बनाए रखने, कुपोषण मुक्त क्षेत्र बनाने और बाल विवाह पर रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इसके अलावा, उन्होंने गांव की गलियों और सड़कों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की और संपूर्ण ग्राम की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया। इन उपलब्धियों के कारण उन्हें राष्ट्रीय परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के निषाद (केवट) समाज के लिए यह बहुत ही गौरव की बात है कि समाज की एक महिला को इस प्रतिष्ठित अवसर पर शामिल होने का मौका मिला।

## श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर गौ-संरक्षण का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर गुरुवार को बघमरा स्थित गौठान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन को यादगार बनाते हुए गुण्डरदेही व्यापारी संघ ने सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा मवेशी की देखभाल और उनके संरक्षण का बीड़ा उठाया है।

इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन की मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर पार्षद हरीश निषाद, पार्षद शैल महोबिया सहित व्यापारी संघ के प्रमुख सदस्य सुरेश सोनी, मनीष चौरड़िया, सुशील जैन, अमित जैन, महेश चांडक, भागचंद जैन, छगन सोनकर, सोहन सोनी, पिंटू नाहटा, कमल तातेड, महाराज जी, दिनेश टावरी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने व्यापारी संघ के इस कदम की सराहना करते हुए कहा, यह बहुत ही सराहनीय और अनुकरणीय पहल है। इससे हमारी गौ–माता सुरक्षित होगी और उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। नगर पंचायत की ओर से हमारा पूरा सहयोग रहेगा और व्यक्तिगत रूप से भी जो बन पड़ेगा हम इस पुनीत कार्य में सहयोग करेंगे। साथ ही उपस्थित पार्षदों ने भी इस अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का आश्वासन दिया। व्यापारी संघ द्वारा अब बघमरा गौठान में मवेशी के लिए चारे और स्वच्छ पानी की निरंतर व्यवस्था की जाएगी ताकि गौधन सुरक्षित और स्वस्थ रहे।

## खेरथाबाजार में दो दिवसीय भव्य मानस सम्मेलन 31 जनवरी से

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम खेरथा बाजार में दो दिवसीय भव्य मानस सम्मेलन का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पधारी प्रतिष्ठित मानस मंडलियां रामकथा का सस्वर गायन प्रस्तुत करेंगी।

आयोजन के प्रथम दिवस 31 जनवरी को श्री राम आदर्श मानस प्रचार समिति कबीराम नादिया, श्री राम दरबार मानस परिवार बंढेरा (कवर्धा), पूजा मानस परिवार गिरौधपुरी (बलौदा बाजार) तथा आज्ञेय मानस परिवार बागबहरा द्वारा अपनी-अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं दूसरे दिवस 1 फरवरी को श्री मुरली मनोहर मानस परिवार खिरसरी (महासमुंद), श्री रामकृपा मानस परिवार सामिलिक इटिया (राजनांदगांव), पावनधरा मानस परिवार पुरदा (गरियाबंद) तथा ममता मानस परिवार कोरबा-बिलासपुर द्वारा रामचरितमानस की चौपाइयों का सस्वर गायन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह मानस सम्मेलन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का माध्यम बनेगा। ऐसे आयोजन ग्रामीण अंचल में संस्कार, भक्ति और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। इस भव्य आयोजन का आयोजन मानस सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी खेरथा बाजार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मानस सम्मेलन का लाभ लेने की अपील की है।

### रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर दिया गया सड़क सुरक्षा का संदेश

## आयुर्वेदिक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर 85 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



राजीव लोचन आयुर्वेदिक महाविद्यालय, चन्द्रखुरी में मानव अधिकार संगठन एवं रेड ड्रॉप के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के 85 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात सुरक्षा को लेकर विशेष संदेश दिया गया। रक्तदान पश्चात सभी रक्तदाताओं ने स्वयं एवं समाज में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। मानव अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र हशवानी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जे. सूफी रूमी ने बताया कि रक्तदान के साथ-साथ युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रहा। इस अवसर पर राजीव लोचन आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, दुर्ग के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजीव साहू, डायरेक्टर प्रभा साहू, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट वंदना फटिंग, कंसलटेंट फिजिशियन डॉ. उन्नयन राज साहू, प्रोग्राम इंचार्ज डॉ. रेणुका साहू एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. रविशंकर साहू का विशेष सहयोग रहा। शिविर में प्रमुख रूप से यातायात पुलिस निरीक्षक तापेश्वर नेताम, आरक्षक यामन दास महिलंगे एवं तिलक साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा जितेंद्र वर्मा प्रदेश महामंत्री भाजपा, डॉ. सुनील साहू प्रदेश संगठन सचिव साहू समाज, मुकेश चंद्राकर जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, हीरा शंकर साहू संगठन सचिव साहू मित्र सभा भिलाई, कबीर साहू डायरेक्टर, सिग्मा फाउंडेशन, वाय. राजेंद्र राव , सूरज साहू , मोहन राव, डॉ. राखी श्रीवास्तव एवं मनोज राय सहित गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आरक्षक तिलक साहू द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। शपथ में सभी ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय नशा न करने तथा अपने मित्रों व परिवारजनों को भी यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। रक्तदान शिविर एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ग्राम खुंदनी में त्रिदिवसीय सत्संग समारोह 2 से

**गुरूर।** ग्रामीण साहू समाज एवं कबीर सत्संग समिति ग्राम खुंदनी द्वारा त्रिदिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 2 फरवरी से 4 फरवरी तक किया गया है। जिसमे सत्संग समय प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक रखा गया है। जिसमें रंजीत साहेब उपस्थित रहेंगे। आयोजक परिवार में बृज बाई साहू, रूपे"वर दास साहू, दमयंतीन साहू, तेजेन्द्र कुमार साहू, रिकेश्वरी साहू उपस्थित रहेगे।

### अछोली में मड़ई मेला 27 जनवरी को

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम अछोली में परंपरागत मंड़ई मेला का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। यह आयोजन 27 जनवरी मंगलवार को संपन्न होगा, जिसमें ग्रामीण परंपराओं, सांस्कृतिक आस्था और आपसी भाईचारे की झलक देखने को मिलेगी। मंड़ई मेला ग्रामवासियों की आस्था का प्रतीक है, जहां हर वर्ष आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर इस लोकपर्व की गरिमा बढ़ाते हैं। आयोजन के दूसरे दिन 28 जनवरी 2026, बुधवार को प्रातः 10 बजे से मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ लोककला नाच पार्टी, घीना द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। लोकनृत्य, पारंपरिक गीत-संगीत और मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति को मंच पर जीवंत करेंगे, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए डॉ. रोशन साहू एवं समस्त ग्रामवासी अछोली ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंड़ई मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लें और इस पारंपरिक आयोजन को सफल बनाएं।

### सरस्वती शिशु मंदिर पुरूर में बसंत पंचमी उत्सव आज

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर द्वारा बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन के तहत मां सरस्वती की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे से किया गया है। जिसमें मुख्य कलेक्टर बालोद दिव्या उमेश मिश्रा होगी। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मिर्रीटोला पुरूर हीरामणी केजूराम साहू उपस्थित रहेंगे। वही आयोजक में अध्यक्ष मौली माता बाल कल्याण समिति पुरूर आनंद सोनबरसा, अध्यक्ष किशोर भारती छात्रसंघ सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरूर हिमांशी सिन्हा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर प्राचार्य वेदप्रकाश कटेन्द्र उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम निपानी में त्रि दिवसीय सस्वर मानसगान स्पर्धा आज

**बालोद।** मानस प्रचार समिति ग्राम निपानी द्वारा त्रि दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी से 25 जनवरी तक किया गया है। जिसमे पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3101 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2101 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रूपये, पंचम पुरस्कार 1101 रूपये रखा गया है। वही महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3101 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2101 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रूपये, पंचम पुरस्कार 1101 रूपये रखा गया है। वही व्याख्या, संगीत, अनुशासन, वेशभूशा के अंतर्गत विशेष पुरस्कार रखे गए है। समिति में अध्यक्ष भूशण लाल साहू, उपाध्यक्ष डोमार सिंह साहू, कोशाध्यक्ष पवन चन्द्राकर, सचिव अशोक श्रवण, सहसचिव कमलेश श्रवण तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बालोद जिले के अंतर्गत अर्जुन्दा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास जवाहरपारा बालोद
मो. 8085026287, 9425559113
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.)
8370049468, 9098595071

### स्पर्धा : मंच निर्माण के लिए दो लाख की घोषणा

# बिरेतरा में 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, तोमन साहू रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

न्यू प्लेयिंग इलेवन क्रिकेट क्लब बिरेतरा द्वारा आयोजित 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें।



विशिष्ट अतिथियों में जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष बालोद सरस्वती टेमरिया, भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख संजय साहू, युवा नेता कुलदीप यादव, स्थानीय सरपंच टेमन साहू, शैलेन्द्र साहू, नेमेश साहू, पंचायत प्रतिनिधि सहित ग्रामवासी अरुण साहू, विजय साहू, संजय साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि तोमन साहू ने कहा कि खेल युवाओं को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। खेल के माध्यम से टीम भावना, अनुशासन, एकता और जीवन मूल्यों की सीख मिलती है। ग्रामवासियों एवं पंचायत की मांग पर उन्होंने खेल मैदान के समतलीकरण एवं अधूरे मंच निर्माण के लिए दो लाख रुपये की घोषणा की। जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव ने आयोजन समिति को निर्विवाद एवं खेल भावना के अनुरूप प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 50 से 60 ग्रामों की टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेती हैं, जिससे यह आयोजन युवाओं के लिए एक "महाकुंभ" जैसा बन जाता है। क्रिकेट आज सभी वर्गों में अत्यंत लोकप्रिय है, लेकिन साथ ही हमें अपने क्षेत्रीय खेलों और सांस्कृतिक विरासत को भी बढ़ावा देना चाहिए। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ–साथ टीमवर्क, धैर्य, साहस और एकता की सीख मिलती है। उन्होंने ग्राम की विभिन्न मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि क्रिकेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि एकता और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर मिलता है। मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने आयोजन समिति कि कार्यक्रम के तौयारी ,व्यवस्था साज–सज्जा की प्रसंशा करते हुए आज के समय में शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है खेल से भी प्रसिद्धि, कामयाबी, आय व क्षेत्र व राष्ट्र को गौरवान्वित किया जा सकता है भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख संजय साहू ने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, जिसमें निरंतर अभ्यास, टीम भावना और ऊर्जा के माध्यम से सफलता प्राप्त होती है। यह खेल युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। स्थानीय सरपंच टेमन साहू ने अतिथियों को ग्राम की प्रमुख समस्याओं और आवश्यकताओं से अवगत कराया, जिस पर अतिथियों ने प्राथमिकता के आधार पर समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर खेल के लिए समर्पित ग्राम के सैनिक शैलेंद्र साहू, अमर सिंह साहू, गिरिश कुमार साहू का अतिथियों ने सम्मान किया। प्रमुख रूप से कंवल सिंह सिन्हा, खीलु सिन्हा, विजय सोनवानी, होमन यादव, धनश्याम साहु, केशव साहू, अभिनय यादव, सोहन साहू, तोकेश कुमार, टिकेश्वर साहू, वेद प्रकाश साहू, हरिश साहु, खुशाल, महेन्द्र सिंह, झमेन्द्र साहू, सुरेश साहू, युगल साहू, दुर्गेश साहू, सुनेती साहू, टीलेश साहू, चतुर साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक, गुणवत्तापूर्ण इलाज पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ स्वास्थ्य ससेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, शत–प्रतिशत

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और आमजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर मिश्रा ने संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षित और संस्थागत प्रसव की जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे शतप्रतिशत प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में शत–प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि आभा आईडी निर्माण और आयुष्मान वय वंदना कार्ड के निर्माण में बेहतर कार्य हुआ है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विफल पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का मुख्य लक्ष्य आमजन की सेवा है। सभी स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों में हमें शत–प्रतिशत उपलब्धि हासिल करनी है ताकि जिले का कोई भी नागरिक बेहतर इलाज से वंचित न रहे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 के जिला स्तरीय परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025–26 के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई है। जिसमें जिले के सभी विकासखंडों से 575 विद्यालयों के कक्षा 5वीं से 12वीं तथा महाविद्यालय स्तर तक के 9 वर्गों से कुल 21,011 विद्याथएँ सम्मिलित हुए। परीक्षा के उपरांत जिला स्तरीय परिणाम घोषित कर दिया गया है।



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025–26 का आयोजन विद्यार्थियों में शैक्षणिक ज्ञान के साथ मानवीय, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्रओं में भारतीय संस्कृति के प्रति चेतना जागृत करना, ऋषि प्रणीत संस्कृति से परिचय कराना, श्रेष्ठ गुणों एवं सद्गुणों के प्रति आकर्षण उत्पन्न करना तथा संस्कृतिनिष्ठ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना रहा।

जिला स्तरीय परिणाम इस प्रकार रहा जिला स्तरीय परिणाम में कक्षा 5वीं में प्रथम मेघा चंदेल प्राथमिक शाला धनगांव, गुण्डरदेही, द्वितीय आयुषी गजभिए धनगांव, गुण्डरदेही, तृतीय प्रांजल साहू डौकीडीह गुण्डरदेही है। कक्षा 6वीं में प्रथम मयंक कुमार सोनभद्र शिशु मंदिर खुदनी, द्वितीय मिसिका दुबे सेंट कबीर स्कूल बालोद, तृतीय चूलीसा धुरव माध्यमिक शाला बालोद है। कक्षा 7वीं में प्रथम तेलीना निषाद माध्यमिक शाला अंगारी, द्वितीय पूर्वी साहू तवेरा, तृतीय कोमेश साहू खपरी गुण्डरदेही है। कक्षा 8वीं में प्रथम अनंत महतेल शिशु मंदिर दुधली, द्वितीय अदिति सिन्हा नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय अर्जुन्दा, तृतीय आकांक्षा माध्यमिक शाला धनेली गुरूर है। कक्षा 9वीं में प्रथम गगनदीप लोहले ज्ञानज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरूर, द्वितीय मानसी साहू शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलोदी, तृतीय लीना साहू शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डुड़ेरा है। कक्षा 10वी प्रथम कृतिका साहू शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेवारीकला, द्वितीय निष्ठा साहू उच्च माध्यमिक विद्यालय माहुद बी, तृतीय डिम्पल शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माहुद बी है। कक्षा 11वीं में प्रथम ख्याति साहू शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छेड़िया, द्वितीय श्रुति साहू शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदनबिरही, तृतीय तनिषा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंसबोड़ है। कक्षा 12वीं में प्रथम रुद्र कुमार यादव नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय अर्जुन्दा, द्वितीय ध्यानी सिन्हा नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय अर्जुन्दा, तृतीय फिजा बानो श्री साईं शिशु मंदिर गुण्डरदेही है। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम लिकेश कुमार साहू शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद, द्वितीय हेमांशु यादव शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद, तृतीय नीलम शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा हैं। परीक्षा के सफल संचालन में गायत्री परिवार जिला बालोद एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक मिलन सिंह सिन्हा द्वारा प्रदान की गई।

# गीता महोत्सव एवं यादव मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक निषाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

■ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा–अर्चना कर की सुख–समृद्धि की कामना

विधायक कुंवर सिंह निषाद गुरुवार को ग्राम कोडेवा में गीता महोत्सव एवं यादव मिलन समारोह कोसरिया राउत यादव समाज जय मां गौरेया सर्किल चौरेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भगवान श्री कृष्णा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक ने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। इसलिए गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। समाज के समग्र उत्थान हेतु युवा पीढ़ी को शिक्षा अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों में निहित गीता का संदेश आज भी मानवता, कर्तव्यबोध, समर्पण, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की सशक्त प्रेरणा देता है।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुखुराम यादव, अध्यक्ष चौरेल सर्किल, सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद चेमन देशमुख, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुन्दा जीवन बंदे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नीतीश मोंटी यादव, जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद, जनपद सदस्य किरण ताराम सहित गणमान्य पदाधिकारी व समाज के अनेक प्रबुद्धजन, यादव बंधु एवं महिलाएं उपस्थित थे।

# स्कूल के 13 छात्राओं निःशुल्क सायकिल वितरित किया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली में कक्षा 9वी मे अध्ययनरत 13 छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के अंतर्गत सायकल प्रदान किया गया।

विद्यालय में आगामी गणतन्त्र दिवस के तारतम्य में तैयारी हेतु शाला प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक भी संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता ग्राम सरपंच हरखराम खरे ने किया। सदस्य गोपेन्द्र पिस्दा, अंजुलता देवांगन, माहेश्वरी भुआर्य, दिलेन्द्र साहू, ताम्रध्वज यादव, ओंकार पटेल, हेमलता, द्रोपडी शिवाने, ख़िलानन्द, नरोत्तम, जालमसिंह, ओमप्रकाश, सौरभ पिस्दा उपस्थित थे। प्राचार्य घनाराम देशमुख ने शासन की महती योजना से सभी पालको को एवं उपस्थित लोगों को बताए। अध्यक्ष शाला प्रबन्धन एवं विकास समिति मानसिंह तारम ने सायकल प्राप्त सभी बच्चों को बधाई दिए, नवनियुक्त सरपंच हरखराम खरे, ग्राम पटेल रामदयाल बनजारे, दिलेन्द्र साहू, संजय मिश्रा, खुमान यादव, कृष्णराम भुआर्य, खुमान तारम, गणेशराम तारम के साथ सभी अभिभावकों एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक स्टाफ भागवत चतुर्वेदी, गजेंद्रपुरी गोस्वामी, प्रदीप साहू, डामेंद्र साहू, राजेश साहू, होरीलाल पटेल, हरीश रावटे, लालेश्वर ठाकुर, रेखा देशमुख, सरोज ठाकुर, यसोदा नायक, इंदु वर्मा, मनोहर सिंह, भोज भुआर्य, नीता उवर्सा, युगल निर्मलकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# छग प्रदेश स्तरीय त्रि-दिवसीय दिव्य मानस महोत्सव आज

## विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

पलारी मानस प्रचास समिति द्वारा छ.ग. प्रदेश स्तरीय त्रि दिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ का आयोजन 23 से 25 जनवरी तक नगर पंचायत पलारी में किया गया है। प्रतियोगिता मे पुरूश वर्ग में प्रथम पुरस्का 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2501 रूपये, पंचम पुरस्कार 2001 रूपये, 'षष्ठम पुरस्कार 1501 रूपये, सप्तम पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है।

महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। विशेष पुरस्कार के तहत व्याख्याता विशेष , संगीत विशेष , वेशभूशा, अनुशासन के तहत पुरस्कार रखा गया है। जिसके शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन अवसर पर 23 जनवरी को मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू रहेंगी। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू करेंगी। विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरूर हरिकृष्ण गंजीर, सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर गुलाब राम सिन्हा, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर आशीश कुमार साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर झालेन्द्र कुमार साहू, मन्नू लाल साहू, अभिशेक यादव उपस्थित रहेंगे।

दूसरे दिन 24 जनवरी को मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन लाल, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष जिला बालोद बसंत कुमार सोनबेर, विशेष आगमन अतिथि में रेल्वे रायपुर निलांजन नियोगी, डिपो अधीक्षक रायपुर सुशीलचन्द्र सोनबरसा, डॉ सीएल साहू, डॉ अभिशेक गोयल, समाजसेवी अनिल दुबे, मीर अली मीर साहब, श्रीकांत जाजू, नरेन्द्र कुमार साहू, संकेत पारख, वेगेन्द्र कुमार सोनबेर, रघुनंदन साहू उपस्थित रहेंगे। 25 जनवरी को समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रिरय राज्यमंत्री तोखन साहू रहेंगे।

अध्यक्षता समाज सेवी कौशिल्य देवी साय करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि में प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन, सांसद कांकेर लोकसभा भोजराज नाग होंगे। विशेष अतिथि विधायक उत्तर रायपुर पुरंदर मिश्रा, पूर्व सांसद कांकेर मोहन मंडावी, जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रिरय बैंक दुर्ग प्रीतपाल बेलचंदन, जनसेवक संजारी बालोद राकेश यादव, सभापति जिला पंचायत बालो लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति कृशि समिति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद चंद्रिरका गंजीर, अध्यक्ष नगर विकास समिति नगर पंचायत पलारी राजेश सोनबेर उपस्थित रहेंगे।

# ग्राम कानाकोट में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव भव्य रूप से हुआ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या उत्सव समारोह ग्राम कानाकोट में भव्य रुप में 21 एवं 22 जनवरी को मनाया गया, जिसमें अनेक प्रतिष्ठित मानस मंडली के साथ रात्रिकालीन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कुसुम साहू द्वारा सरस्वती वंदना कर नशा के हानिकारक परिणाम पर गीत प्रस्तुत किया। हास्य कवि गजपति राम साहू ने प्रभु श्री राम की महिमा कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। विजय कुमार टंडन ने भरत जैसे भाई बनने का संदेश दिया। संचालन कर रहे केशवराम साहू ने परोपकार को ही मानव का धर्म बताते हुए पर्यावरण, गो संवर्धन आदि पर काव्य पाठ किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष भोज राम साहू, सरपंच चमेली देशलहरे, उप सरपंच देवेंद्र बैस, उद्घोषक विनोद कुमार साहू, बिसाहू राम चंदन, अश्वनी बनपाल, आनंद साहू नागरिको की भूमिका रही।

# आलीखूंटा में रामलला की कलश व शोभायात्रा निकाली

■ रात्रि में लोकनृत्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम आलीखूंटा में 22 जनवरी गुरुवार को इस वर्ष भी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ रामलला की कलश एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शीतला मंदिर में विधिवत पूजा-पाठ एवं आरती के साथ हुई। इसके पश्चात कलश एवं शोभायात्रा गांव की प्रमुख गलियों से होते हुए भ्रमण पर निकली, जिसमें पूरे गांव का भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकली शोभायात्रा ने गांव में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के आयोजक कर्ता एवं ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन के क्रम में रात्रि में मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ लोकनृत्य 'प्रेम सुमन नाच पार्टी, भेदाडी, छुरिया (राजनांदगांव) द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। लोकनृत्य, पारंपरिक गीत-संगीत एवं आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को मंच पर जीवंत किये,जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



